# संवाद पत्र

पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन

अंक : 52 वर्ष : त्रयोदश त्रैमासिक अक्टूबर, 2019


## नाहरलगुन में माननीय रेल राज्यमंत्री श्री सुरेश सी. अंगदी ने की समीक्षा बैठक

माननीय केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री श्री सुरेश सी. अंगदी ने 21 सितंबर, 2019 को नाहरलगुन में बैठक कर अरूणाचल प्रदेश में चल रही रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक श्री संजीव रॉय व पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक (निर्माण) श्री एन. के. प्रसाद भी मौजूद थे । श्री सुरेश सी. अंगदी ने अरूणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू के साथ राज्य में रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान रेलवे



की भागीदारी के साथ अरूणाचल प्रदेश में पर्यटन के विकास पर भी चर्चा की गयी। अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) डॉ. बी. डी. मिश्रा के साथ भी रेलवे की परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई । श्री सुरेश सी. अंगदी ने कहा कि सभी लंबित व चालू रेल परियोजनाओं के लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा । उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए भारतीय रेल द्वारा भरपूर प्रयास किया जा रहा है ।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2019

इस वर्ष पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण कार्यालय में 73वॉं स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/पू.सी.रेल/ निर्माण ने संगठन परिसर में ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं । इस शुभ अवसर पर उन्होंने इस देश के उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इनके अथक संघर्ष एवं आत्म बलिदान के फलस्वरूप भारत को विदेशी शासन से स्वतंत्रता मिली और हमारा देश एक स्वतंत्र, सार्वभौम एवं आत्मनिर्भर गणराज्य घोषित हुआ ।

निर्माण संगठन देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर इलाकों में रेल नेटवर्क को विस्तृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । इसके अंतर्गत बिहार एवं बंगाल के कुछ हिस्से भी शामिल हैं। अब तक, निर्माण संगठन ने 1008 कि.मी. नई लाइनें, 2945 कि.मी. आमान परिवर्तन, 413



कि.मी. दोहरीकरण का कार्य पूरा किया है। इसके अलावा इस संगठन ने ब्रहमपुत्र नद पर 3 बड़े पुलों का भी निर्माण किया है ।

निर्माण संगठन ने पड़ोसी देशों जैसे-बांग्लादेश, नेपाल और भूटान आदि देशों के साथ रेल संपर्क स्थापित करने के लिए अगरतला-अखोरा (बांग्लादेश) रेल लिंक परियोजना, हल्दीबाड़ी (भारत) के साथ चिलाती (बांग्लादेश) और जोगबनी-विराटनगर (नेपाल) आदि के लिए कार्य शुरू किया है । इन परियोजनाओं की सहायता से भारत होते हुए बांग्लादेश और नेपाल के बीच ट्रांस एशियन रेलवे नेटवर्क स्थापित करने में मदद मिलेगी। पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन ने हाऊसकीपिंग और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में ठोस प्रयास किया है। इस संगठन का उम्मीद (UMID) मामले से संबंधित कार्ड जेनरेशन का कार्य पूरा हो चुका है।

अंत में महाप्रबंधक/निर्माण महोदय ने विभागों को पुरस्कार प्रदान किया। इस शुभअवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।


| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सह संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|---|
| श्री एन. के. प्रसाद | श्री बी. एन. भास्कर | श्री एस.जे.मंडल | श्री राजेश रंजन कुमार | श्रीमती गायत्री मिलि |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | राजभाषा अधिकारी/नि. | वरिष्ठ अनुवादक/नि. |

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गुवाहाटी (केंद्रीय कार्यालय-2) की बैठक




श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, (केंद्रीय कार्यालय-2) गुवाहाटी की अध्यक्षता में समिति की नौवीं छमाही बैठक 3 सितम्बर, 2019 को 11.00 बजे पूर्वोत्तर सीमा रेल के अधिकारी क्लब, नामबारी, मालीगांव में आयोजित की गई। इस बैठक में नराकास-2 के अंतर्गत आने वाले गुवाहाटी शहर के कुल 51 सदस्य कार्यालय शामिल हुए ।

श्री बी. एन. भास्कर, उपाध्यक्ष, नराकास एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक का शुभारंभ किया।

माननीय अध्यक्ष, श्री एन. के. प्रसाद ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सभी केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में संवैधानिक उत्तरदायित्व की दृष्टि से हम सभी का कर्तव्य है कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम एकजुटता के साथ काम करें और बेहतर परिणाम दिखाएं । इस बैठक में कुल 7 सदस्य कार्यालयों द्वारा "राजभाषा प्रदर्शनी" के माध्यम से हिंदी के कामकाज को सांकेतिक तौर पर दर्शाया गया। तत्पश्चात श्री राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी (नि.) एवं सदस्य सचिव (नराकास-2) ने सभी सदस्य कार्यालयों से प्राप्त राजभाषा प्रगति संबंधी छमाही रिपोर्ट के आधार पर तैयार किए गए "पावर प्वाइंट" प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया।

श्री बदरी यादव, अनुसंधान अधिकारी (कार्यान्वयन) ने अपने संबोधन में नराकास-2 की बैठक के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष महोदय सहित पूरी टीम को बधाई दी ।

इस बैठक में राजभाषा प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 7 सदस्य कार्यालयों ने प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में अच्छे कार्य के लिए अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से क्रमश: क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय रोपण फसल अनुसंधान संस्थान, काहिकुची, गुवाहाटी को प्रथम, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, असम परिमंडल, गुवाहाटी को द्वितीय एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, आईओसी, गुवाहाटी को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया तथा शेष कार्यालयों को प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किए गए ।

अंत में श्री राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी/निर्माण एवं सदस्य सचिव (नराकास-2) ने अध्यक्ष महोदय सहित विभिन्न कार्यालयों से आए कार्यालय प्रधान एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक को सफल बनाने में योगदान करने वाले सभी व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही बैठक समाप्ति की घोषणा की ।

# "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा मनाया गया

दिनांक 11.09.219 से प्रारंभ "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा अभियान के दौरान दिनांक 17.09.2019 को श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/ निर्माण बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग न करने के लक्ष्य को सामने रखकर मालीगांव स्थित रेलवे कॉलोनियों, कार्यालय परिसर, स्टेशन परिसर आदि में साफ-सफाई के पुनीत कार्य करते हुए। इस अवसर पर महाप्रबंधक/ निर्माण के नेतृत्व में एक बृहद श्रमदान कार्यक्रम चलाया गया।



## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन की अप्रैल-जून-2019 की तिमाही के लिए आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 01.08.2019 को माननीय मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 श्री मोहन लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्री बी. एन. भास्कर, मुख्य इंजीनियर/नि.-1 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए आलोच्य तिमाही के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा निष्पादित किए गए कार्यो का संक्षिप्त ब्यौरा दिया । इस तिमाही में कुल 3 विभागों एवं रंगिया फील्ड यूनिट द्वारा राजभाषा प्रदर्शनी लगाया गया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 महोदय के कर-कमलों द्वारा त्रैमासिक पत्रिका "संवाद-पत्र" के 51वें अंक का विमोचन किया गया । श्री एस.जे.मंडल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/योजना ने तिमाही के दौरान निर्माण संगठन, मुख्यालय के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में हिंदी कामकाज की उपलब्धि को विभागवार रूप में 'पावर प्वाइंट प्रतिवेदन" के माध्यम से विस्तारपूर्वक दिखाया । इस बैठक में निर्माण संगठन के अंतर्गत विभिन्न विभागों में हो रहे हिंदी में कामकाज को दर्शाने के लिए सांकेतिक तौर पर कुल 4 विभागों के फाइलों को शामिल करते हुए "राजभाषा प्रदर्शनी" लगाई गई और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 महोदय ने इसका जायजा लिया। बैठक में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 महोदय के कर-कमलों द्वारा हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिए श्रीमती मिलि चक्रवर्ती, कार्यालय अधीक्षक/निर्माण को नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

## बायोडाइवर्सिटी पार्क, अमिनगाँव में पौधारोपण



पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन, मालीगांव के महाप्रबंधक/निर्माण श्री एन. के. प्रसाद के नेतृत्व में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के शुभअवसर पर दिनांक 02.10.2019 को अमिनगाँव स्थित बायोडाइवर्सिटी पार्क में पौधारोपण किया गया तथा प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर रोक लगाने और जागरूकता फैलाने के लिए सुत की बैग लोगों के बीच वितरित किए गए। इसके साथ ही गांधी दर्शन पर एक वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया ।

## पूर्वोत्तर में चालू रेल परियोजनाओं के निर्माण कार्य एवं प्रगति की समीक्षा



दिनांक 06.09.2019 को श्री विश्वेश चौबे, सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के पदेन सचिव (दाहिने से दूसरे) एवं श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक, पू.सी.रेल/ निर्माण के नेतृत्व में उच्च पदाधिकारियों के साथ बैठक एवं पूर्वोत्तर में चालू रेल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए ।

## सद्भावना दिवस का आयोजन



दिनांक 21.08.2019 को "सद्भावना दिवस" के उपलक्ष्य में पू.सी.रेल (निर्माण) मुख्यालय के परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 75वीं जयंती पर श्री एन. के. प्रसाद, पू.सी.रेल (निर्माण) के महाप्रबंधक ने कर्मचारियों और अधिकारियों को सद्भावना शपथ दिलाई। सद्भावना दिवस का आयोजन देश के लोगों में एकता, राष्ट्रीय अखंडता एवं भाईचारे की भावना को बढ़ाने के लिए किया जाता है। उक्त कार्यक्रम में संगठन के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे ।

## क्षेत्रीय/अखिल रेल हिंदी निबंध, वाक् तथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, 2019 का आयोजन



पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) में दिनांक 27.08.2019 और 28.08.2019 को क्षेत्रीय स्तर पर हिंदी निबंध, वाक् तथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 38 कर्मचारियों ने भाग लिया ।

# पू.सी.रेल, निर्माण संगठन, मुख्यालय में राजभाषा सप्ताह समारोह-2019 का आयोजन

पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन, मालीगांव में "राजभाषा सप्ताह समारोह-2019" का शुभारंभ दिनांक 14.09.2019 को किया गया। श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/पू.सी.रेल/निर्माण ने दीप प्रज्ज्वलित कर "हिंदी दिवस" का उद्‌घाटन किया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी । श्री एन. के. प्रसाद, ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है तथा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रेरित करें, जिससे संवैधानिक दायित्वों का ठीक ढ़ंग से अनुपालन सुनिश्चित हो पाएगा। दिनांक 14.09.2019 से 20.09.2019 तक आयोजित राजभाषा सप्ताह समारोह में संगठन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे-अधिकारियों के बीच राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच गूगल वॉयस टाइपिंग प्रतियोगिता तथा रेल कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नावली, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता, कर्मचारियों के बच्चों द्वारा कविता पाठ आदि । समारोह के समापन के दिन अर्थात् दिनांक 20.09.2019 को श्री मोहन लाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/पू.सी.रेल/निर्माण-1 के कर-कमलों द्वारा राजभाषा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित अखिल रेल हिंदी निबंध, वाक् तथा प्रारूप एवं टिप्पण लेखन प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया और राजभाषा सप्ताह समारोह के समापन की घोषणा की गयी ।




## प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागीगण

### अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रथम

1. श्री वी.के.उपाध्याय, मुख्य बिजली इंजी./निर्माण
2. श्री उमेश कुमार, मुख्य सि.एवं दू.सं.इंजी./नि-2
3. श्रीमती अनिंदिता सिंहा, सहा.कार्यकारी इंजी/नि/योजना

द्वितीय

1. श्री सुनील कुमार सहगल, प्रधान सामग्री प्रबंधक/निर्माण
2. श्री अबुल हयात, वि.स.एवं मुलेधि/निर्माण-1
3. श्री शचीन चन्द्र बोड़ो, म.प्र./नि. के प्रधान निजी सचिव

तृतीय

1. श्री अनिल कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर/नि-3
2. श्री संजय प्रसाद सिंह, मुख्य बिजली इंजीनियर/नि-8
3. श्री पुष्कर श्रीवास्तव, महाप्रबंधक/नि. के सचिव

### अधिकारियों के लिए गूगल वॉयस टाइपिंग प्रतियोगिता

श्री अचल कुमार सिंह, सहा.कार्य.इंजी./नि/अभिकल्प : प्रथम
श्री पंकज कुमार वर्मा, सीनियर सहा.वित्त सलाहकार/नि. : द्वितीय
श्रीमती जयश्री मालाकार, सहा.कार्य.इंजी./नि/योजना-1 : द्वितीय
श्रीमती अनिंदिता सिंहा, सहा.कार्य.इंजी./नि/योजना-1 : तृतीय

### कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रथम

1. श्री अंटु लाल ठाकुर, लेखा सहायक/निर्माण
2. सुश्री रत्ना देव, ट्रैकमैन/निर्माण/योजना

द्वितीय

1. श्री रामकेश मीना, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/निविदा
2. श्री हिमांशु कुमार गुप्ता, सीनियर सेक्शन इंजी./योजना

तृतीय

1. श्री जोगेश्वर प्रसाद, एसी मेंटेनर/बिजली/निर्माण
2. श्री अमित मजुमदार, खलासी/सर्वे/निर्माण

### कर्मचारियों के लिए गूगल वॉयस टाइपिंग प्रतियोगिता

श्री स्वपन कुमार, मुख्य विधि सहायक/निर्माण : प्रथम
श्री अंटु लाल ठाकुर, लेखा सहायक/निर्माण : द्वितीय
श्री हिमांशु कुमार गुप्ता, सीनियर सेक्शन इंजी./योजना : तृतीय

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता

श्री ओम प्रकाश सिंह, सीनियर सेक्शन इंजी./अभिकल्प : प्रथम
श्री रामकेश मीना, सीनियर सेक्शन इंजी./अभिकल्प : द्वितीय
श्री जयदेव पाल, ट्रैकमैन /इंजीनियरी : तृतीय

### हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता

श्री रामकेश मीना, सीनियर सेक्शन इंजी/निविदा : प्रथम
श्री अंटु लाल ठाकुर, लेखा सहायक/निर्माण : द्वितीय
श्री स्वपन कुमार, मुख्य विधि सहायक/निर्माण : तृतीय

### हिंदी वाक् प्रतियोगिता

श्री प्रशांत कुमार, सीनियर सेक्शन इंजी./निविदा : प्रथम
श्री हिमांशु कुमार गुप्ता, सीनियर सेक्शन इंजी./योजना : द्वितीय
श्री ओम प्रकाश सिंह, सीनियर सेक्शन इंजी./अभिकल्प : तृतीय

### सुलेख लेखन प्रतियोगिता

श्री कमल दहाल, सीनियर ट्रैकमैन /योजना-1 : प्रथम
श्री लाल कुमार राय, ट्रैकमैन/सर्वे : द्वितीय
श्रीमती जुमि देवी चौधरी, आशुलिपिक /इंजीनियरी : तृतीय

### बच्चों का कविता पाठ प्रतियोगिता

श्री ज्ञानदीप दास, कक्षा -IV : प्रथम
श्री अनुराग दास, कक्षा -VII : द्वितीय
श्री दक्ष सुरीन, कक्षा -जूनियर के.जी. : तृतीय

### हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिए पुरस्कार

अधिकारी-

1. श्री बी. सी. विश्वासी, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/नि.
2. श्री डी.के. बरूवा, सहायक कार्यकारी इंजी./नि.

कर्मचारी-

1. श्री दीपांकर मेधी, सीनियर सेक्शन इंजी./नि.
2. श्री राजेन डेका, सीनियर सेक्शन इंजी./सर्वे
3. श्री विश्वजीत चौधुरी, कार्यालय अधीक्षक/सिगनल